**स्पीड पोस्ट**

पेन्शन निदेशालय उत्तर प्रदेश, आठवां तल,इन्दिरा भवन,अशोक मार्ग,लखनऊ ।
*****************************************************************************

दूरभाष :०५२२-२२८७०४४
०५२२-२२८७०८०
०५२२-२२८६६२३
ई-मेल:pendir@up.nic.in

पत्रांक: पे.नि./ऊर्जा विभाग /अनु-३ (विविध)/२०१८/9547 दिनांक-:- 22/06/2018

सेवा में,

समस्त मण्डलीय अपर निदेशक,
कोषागार एवं पेंशन,
उत्तर प्रदेश |

**विषय:-उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड एवं उसकी वितरण कंपनियों तथा केस्को के सेवानिवृत्त / मृत कार्मिकों के पेंशन / पारिवारिक पेंशन प्रकरणों के निस्तारण / पुनरीक्षण के सम्बन्ध में |**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक वित्त विभाग,उ.प्र.शासन को संबोधित तथा अन्य सहित आपको पृष्ठांकित इस निदेशालय के पत्र संख्या:-पे.नि./ऊर्जा विभाग/अनु-३ (विविध) /२०१८/२८७८ दिनांक-२८.०२.२०१८ एवं पत्र संख्या:-पे.नि./ऊर्जा विभाग/अनु-३ (विविध) /२०१८/४५१३ दिनांक-०५.०४.२०१८ **(छायाप्रतियां संलग्न)** का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें |

संदर्भित पत्रों द्वारा क्रमश: ऊर्जा अनुभाग-२ के शासनादेश संख्या:-०७/२०१७/१७५८/२-पी-२-१७-सा (१४४)/१७ दिनांक-२७ दिसंबर,२०१७ के आलोक में उ.प्र.पावर कारपोरेशन लिमिटेड एवं उसकी वितरण कंपनियों तथा केस्को के दिनांक-०१.०१.२०१८ को अथवा उसके उपरांत सेवानिवृत्त / मृत होने वाले कार्मिकों के पेंशन / पारिवारिक पेंशन प्रकरणों के निस्तारण एवं दिनांक-०१.०१.२०१६ के पूर्व सेवानिवृत्त / मृत कार्मिको की पेंशन / पारिवारिक पेंशन पुनरीक्षण के सम्बन्ध में कतिपय बिन्दुओं पर शासन से शासनादेश निर्गत कराये जाने का अनुरोध किया गया था | ऊर्जा अनुभाग-२ के शासनादेश संख्या:-५/२०१८/७३५/२४-पी-२-१८ दिनांक-१४.०६.२०१८ द्वारा उक्त बिन्दुओं पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कार्यवाही करने की अपेक्षा की गयी है |

अत: उक्त शासनादेश दिनांक-१४.०६.२०१८ तथा निदेशक (का.प्र. एवं प्रशा.),उ.प्र.पावर कारपोरेशन लिमिटेड,लखनऊ के पत्र संख्या;-६४०/पे.एवं आर.-२८/पाकालि/२०१७-६०-पी/९८ (टी.सी.-१) दिनांक-२८.०५.२०१८ द्वारा उपलब्ध कराये गये,कारपोरेशन लिमिटेड एवं उसकी वितरण कंपनियों के दिनांक-०१.०१.२००६ व

दिनांक-०१.०१.२०१६ से वेतन / वेतनमान विषयक आदेशों की छायाप्रतियां संलग्न करते हुए अनुरोध है कि शासनादेश की व्यवस्था के क्रम में प्राप्त पेंशन प्रकरणों का नियमानुसार निस्तारण त्वरित गति से करने का कष्ट करें।

**संलग्न-यथोपरि।**

**भवदीय,**

**(रंजन मिश्र)**
**निदेशक।**

**पत्रांक व दिनांक तदैव :-**

---

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

(१) विशेष सचिव ऊर्जा अनुभाग-२,उ.प्र.शासन।
(२) विशेष सचिव,वित्त (सामान्य ) अनुभाग-३,उ.प्र.शासन,लखनऊ।
(३) अध्यक्ष,उ.प्र.पावर कारपोरेशन लिमिटेड,शक्ति भवन,लखनऊ।
(४) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,उ.प्र.राज्य विद्युत उत्पादन एवं पारेषण निगम लिमिटेड.लखनऊ।
(५) सचिव,उ.प्र.स्टेट पावर सेक्टर इम्प्लाईज ट्रस्ट,शक्ति भवन,लखनऊ।
(६) निदेशक,कोषागार उत्तर प्रदेश,लखनऊ।

27/06/18

**(रंजन मिश्र)**
**निदेशक।**